हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 नई अनाज मंडी में खरीद और गेहूं के उठान पर ब्रेक

10 गांवों के खेतों से लिए क्रॉप कटिंग सैंपल


IIT JEE/NEET AND 10+1, 10+2 MED. & NON MED. के बच्चों के लिए सुनेहरा मौका
शिक्षा व संस्कार का समावेश ईफा अकैडमी
10+1 व 10+2 का 2nd BATCH 11 April से शुरू हो रहा है।
IIT-JEE/NEET व 10+1, 10+2 (Med/Non-Med) के बच्चों को अब भटकने की जरूरत नहीं है क्योंकि ईफा एक ऐसी संस्था है जो सैकड़ो बच्चों को डॉक्टर वह इंजीनियर बना चुकी है। ईफा अकैडमी में अनुभवी मैनेजमेंट है और दिल्ली व कोटा के अनुभवी अध्यापकों द्वारा तैयारी करवाई जाती है। यही कारण है कि ईफा एकेडमी आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है। अगर आप भी डॉक्टर व इंजीनियर बनना चाहते हैं या तैयारी की सोच रहे हैं तो कहीं भी एडमिशन लेने से पहले ईफा अकैडमी द्वारा शुरू की जा रही 7 दिनों की फ्री ट्रायल क्लास जरूर करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
EFA Academy, SCF-25, Near Jat Dharmshala, U/E, Jind
9996004625, 9315366265

## खबर संक्षेप

### तेजधार हथियार से हमला कर किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** अनाज मंडी में तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हकीकत नगर निवासी कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई की अनाज मंडी मे दुकान है। वह कार्यवश दुकान पर गया हुआ था। उसके भाई ने गेहूं में पंखा लगाया हुआ था।

### नकदी- चार तौले सोना लेकर विवाहिता लापता

**कैथल।** सीवन थाना के तहत आने वाले एक गांव से एक विवाहिता पांच लाख रुपये व चार तौले सोना लेकर घर से चली गई। पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 18 अप्रैल को 30 वर्षीय भाभी बिना बताए घर से चली गई और वापस नहीं लौटी। वह अपने साथ घर से पांच लाख रुपये व चार तौले सोना भी ले गई।

### राशि लेने आए युवक ने मिस्त्री पर किया हमला

**जींद।** रोहतक रोड पर बकाया राशि लेने आए युवक ने मिस्त्री पर लोहे की पत्ति से वार कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने मिस्त्री की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बनियाखेड़ा निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोहतक रोड पर ट्रक बॉडी में काम करता है।

### मारपीट-धमकी देने का आरोप, शिकायत दर्ज

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में चीका निवासी गुलशन ने पुलिस को शिकायत दी कि 17 अप्रैल को रात करीब साढ़े नौ बजे आरोपी सजन कुमार व गौरव ने उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### मोबाइल टावर से कार्ड चोरी का मामला दर्ज

**जींद।** गांव बिशनपुरा में बीती रात चोरों ने मोबाइल टावर से तीन कार्ड को चोरी कर लिया। जिसके चलते साईट ठप हो गई। सदर थाना पुलिस ने सुपरवाइजर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अहुलाना निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी ने गांव बिशनपुरा में टावर लगाया हुआ है।

### मकान से नकदी व अन्य सामान चोरी, पांच पर केस

**कैथल।** मकान से नकदी व अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव जोधवा निवासी पोली देवी ने चीका थाना में शिकायत दी कि 16 अप्रैल को रात के समय आरोपी संदीप, लवप्रीत, हरजिंद्र, सन्नी व अन्य व्यक्ति उसके घर से नकदी व सामान चोरी कर ले गए। उसे 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### दुकान के बाहर खड़े दो ट्रैक्टरों से बैटरियां चोरी

**जींद।** ईक्कस में बीती रात चोरों ने दुकान के बाहर खड़े दो ट्रैक्टरों की बैटरियों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक की शिकायत पर चोरी के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईंटल कलां के प्रदीप ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने गांव ईक्कस दुकान के सामने से दो ट्रैक्टरों की बैटरियों का चोरी कर लिया।

### कैथल की मंडियों में हजारों मीट्रिक टन गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा

# जींद-कैथल में बूंदाबांदी ने बढ़ाई किसानों और आढ़तियों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शुक्रवार बाद दोपहर जिले में हुई बूंदाबांदी ने किसानों और व्यापारियों की परेशानी बढ़ा दी है। बूंदाबांदी से किसानों की अनाज मंडियों में लाई करोड़ों रुपयें की गेहूं भीग गई। गेहूं में नमी बढ़ने से अब खरीद एजेंसियों ने भी हाथ पीछे हटा लिए हैं। किसानों को मजबूरन अपनी गेहूं को मंडियों में फड पर सुखाना पड़ रहा है। बता दें कि शुक्रवार को दोपहर अचानक आसमान काले बादलों से गिर गया व देखते ही देखते बरसात शुरू हो गई। इस समय कैथल की अनाज मंडियों में हजारों मीट्रिक टन गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। हालांकि इसमें से अधिकतर गेहूं सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद कर लिया गया है लेकिन इसका उठान नहीं हुआ है।

जैसे ही बूंदाबांदी शुरू हुई तो अनाज मंडी के व्यापारी, किसान और मजदूर मंडी में पहुंची गेहूं की ढेरियों को ढांपते नजर आए। जिन किसानों के पास तिरपाल नहीं थी तो उन्होंने मार्केट से लिफाफा खरीदकर भी गेहूं पर डाला ताकि उसे भीगने से बचाया जा सके। इंद्रदेव की मेहरबानी रही कि कुछ ही समय बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। ऐसे में जाकर किसानों तथा आढ़तियों ने राहत की सांस ली। वहीं दूसरी ओर गेहूं भीगने के कारण तुलाई का कार्य भी बीच में रोक दिया गया है। पल्लेदारों का कहना है कि यदि गीला गेहूं बोरियों में भर दिया जाए तो यह खराब हो सकता है।

इसी प्रकार से इस समय खेतों में कंबाइन मशीन से गेहूं कटाई का कार्य चरम पर चल रहा था लेकिन बूंदाबांदी के कारण फसल गीली हो जाने के कारण कटाई का कार्य भी बीच में ही रोकना पड़ गया है।

## जींदः तापमान में आई गिरावट, दोपहर को बूंदाबांदी, शाम को बादलवाई


पूंडरी। मंडी में तिरपाल से ढकी गेहूं की ढेरियां। फोटो :हरिभूमि

**पूंडरी में बरसात के साथ पड़े ओलेः** पूंडरी में शुक्रवार को सांय अचानक मौसम खराब हुआ और बारिश के साथ ओले भी पड़े। ओले के साथ बारिश ज्यादा तेज नहीं थी, ऐसे में किसानों को इसका काफी नुकसान हो सकता था। किसान पुरी तेजी से गेहूं की कटाई व उठाई में लगे हुए है। पूंडरी मंडी में भी काफी संख्या में गेहूं आया हुआ है। मंडी में शैडो से बाहर भी काफी गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। जिसे किसान नमी सुखाने के लिए लाए हुए है, क्योंकि पूंडरी मंडी में खरीद एजेंसियों द्वारा बारदाना नहीं दिया जा रहा है और इस मंडी के किसानों को सीधा गेहूं अदाणी गोदामों में सोलुमाजरा डालकर आना पड़ता है। ऐसे में खुले में पड़ा गेहूं ज्यादा भीग जाता तो किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता था। किसानों को आनन फानन में उसके बावजूद भी अपनी गेहूं की ढेरियां को तिरपाल से ढकना पड़ा। मंडी में ढेरियों में पानी जमा हो गया। जिसे किसानों ने मजदूरों की सहायता से ढेरियों के पास से हटाया। रूकने पर राहत की सांस ली।

### पश्चिमी विक्षोभ का असर

पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर के पिछले तीन दिनों से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। कभी बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो जाती है। तो कभी तेज हवा के साथ धूल उड़ रही है। 21 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। आकाश में बादलवाई के साथ हवा की गति तेज रहेगी। जिसके चलते तापमान मे मामूली उतार चढाव भी बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। जिसके चलते बादलवाई भी दिखाई देगी। तापमान मे भी थोडा बहुत उतार चढाव बना रहेगा।


जींद। मंडी में आई गेहूं। फोटो :हरिभूमि

**मंडियों में गेहूं की आवक तेजः** जींद। पश्चिमी विक्षोभ के चलते परिवर्तनशील हुआ मौसम परेशानी का कारण बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से मौसम हर रोज करवट ले रहा है। हवा की गति भी तेज व गर्म बनी हुई है। कभी धूल का गुबार आकाश में छाया दिखाई देता है तो कभी गहरे बादल। कभी कहीं-कहीं गरज व चमक के साथ हलकी बूंदाबांदी। जिसके साथ तापमान में भी उतार-चढाव बना हुआ है। वह भी उस दौरान जब गेहूं की कटाई तथा कढाई पूरे यौवन पर है और मंडियों में आवक तेज हो चुकी है। मौसम के बदलते तेवरों के साथ किसानों के चेहरों के भाव भी बदलते रहते हैं। किसानों को लगातार भय सता रहा है कि हर रोज करवट ले रहा मौसम उनकी मेहनत पर पर पानी न फेर दे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 24 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

### बूंदाबांदी से किसान-आढ़तियों में गेहूं को लेकर टेंशन

**नरवाना।** गेंहू के सीजन में इस आए दिन बदलते मौसम ने खेतों में किसानों को और मंडियों में आढतियों की परेशानी बढा दी है। पिछले 3-4 दिनों से किसानों ने अपने खेतों में गेंहू की फसल की कटाई में तेजी लाई है। क्योंकि किसानो को डर है कि यह रूक-रूक हो रही हल्की बूंदाबांदी उनके लिए मुसीबत बन सकती है। इसलिए खेतों में अब किसानों ने गेंहू कटाई के साथ-साथ फानों की तुडी बनाने का काम भी जोरों पर शुरू कर दिया है। कुछ दिनों पहले शाम के समय हुई हल्की बूंदाबांदी से किसानों में डर का माहौल बना दिया था जिसके बाद किसानों ने किसानों ने कटाई को दौगुना कर दिया। वहीं दुसरी और मंडियों में आढतियों के लिए भी यह रूक-रूक हो रही बूंदाबादी मुसीबत बनी हुई है क्योंकि मंडी में एक तो गेंहू के बहुत बडे-बडे ढेर लगे हुए बूंदाबांदी के आसार देख कर आढतियों द्वारा उनकों ढकना पडता है अब आढतियों के लिए मुशकिल यह है कि यदि तेज अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई तो वह कैसे मंडियों में लगे गेंहू के ढेरों को ढकेंगें। वहीं आढतियों का यह भी कहना है कि मंडी से गेंहू के उठान में ढील हो रही है यदि मंडियो से बिकी हुई गेंहू का उठान तेजी से होना शुरू हो जाए तो फिर बारिश होने पर भी निपटा जा सकता है लेकिन गेंहू के कम उठान की वजह से मंडी में ही गेहूं के बढे ढेर लग रहे है। मंडी आढतियों ने यह भी कहा कि पहले के समय में गेंहू की कटाई हाथ से की जाती थी।


जींद। आग पर काबू पाते फायरब्रिगेड कर्मी। फोटो :हरिभूमि

## छह किसानों की 31 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल तथा 10 एकड़ फोने जले

### धू-धूकर जले किसानों के अरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव उझाना खेतों में बीती देर शाम भड़की आग से दर्जनभर किसानों के अरमान धूं-धूं कर जल राख हो गए। आग से छह किसानों की 31 एकड खडी गेहू की फसल तथा दस एकड़ फोने जल गए। वहीं आग की चपेट मे आने से किसान की पिकअप गाड़ी भी जल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाडियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह खुलासा नही हो पाया कि आखिर खेतों में आग कैसे भड़की।

गांव उझाना में बीती देर शाम मौसम खराब होने के दौरान खेतों में आग भड़क उठी। हवा की गति तेज होने के कारण आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। खेतों से आग की लपटें उठती देख ग्रामीण ट्रैक्टर व अन्य संसाधन लेकर खेतों में पहुंच गए और आग पर काबू पाने की कोशिश की। किसानों ने ट्रैक्टर तथा हैरो की सहायता से खेतों की जुताई कर आगे बढ़ने से रोक लिया। उसी दौरान सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक धर्मवीर की सात एकड़, रामदिया की पांच एकड़, रघुबीर की तीन एकड़, जयभगवान की आठ एकड़, महेंद्र की छह एकड़, बीरा की दो एकड़ खड़ी गेहूं फसल तथा कृष्ण के छह एकड़, पाला के चार एकड़ में फोन जल गए। खेतों में आग लगने की सूचना पाकर पिकअप गाड़ी लेकर पहुंचे सुरेश की गाड़ी भी आग की चपेट में आ गई। यह खुलासा नही हो पाया कि आखिर खेतों में आग कैसे लगी। आगजनी की घटना ने किसानों को खून के आंसू बहाने को मजबूर कर दिया है। किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल पक कर तैयार थी। मशीन का इंतजार किया जा रहा था। देर शाम को अचानक लगी आग ने छह माह की खून पसीने की कमाई को चंद समय राख कर दिया।

## नालियां गंदगी से अटी, लोग परेशान

■ गांवों में सफाई न होने का कारण बीडीपीओ का नकारात्मक रवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

खंड के विभिन्न गांवों में सफाई न होने से जहां गालियां और नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं और ग्रामीण आंचल के लोग नारकीय जीवन यापन को मजबूर हैं। लोग कीचड़ से निकलने को मजबूर हैं और महामारी फैलने का डर बना हुआ है, परंतु बीडीपीओ राज सिंह केवल दफ्तरों में व्यस्तता दिखाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। ब्लॉक की बात करें तो कैथल मार्ग स्थित बलकार कालोनी में नाले गंदगी से लबरेज होने से और अधिकारियों द्वारा समय पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त न करने के चलते लोग बीमार हो रहे हैं और हॉस्पिटलों में भीड़ बढ़ना इसके परिणाम है। ग्रामीण आंचल में नालियां से रूटीन में निकासी न किए जाने से व कई-कई महीने बीत जाने के बाद भी उनकी सुध न लिए जाने के चलते नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं और नालियों का गंदा पानी गलियों में बहता है परंतु खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में न तो सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाते हैं और न ही सरपंचों से से सफाई कर्मचारियों को निर्देश देखकर नालियों व गलियों की सफाई करवा रहे हैं, जिसके कारण मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को ग्रहण लगता नजर आ रहा है।



### अभियान चलाया जाएगा

उधर इस बारे में बातचीत करने पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवर दमन ने कहा कि पूंडरी बी.डी.पी.ओ. को बोलकर सभी गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ अब जिला परिषद के अधीन हैं, उनके निर्देश में ही सफाई कार्य होते हैं।

### युवक ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त की

**पूंडरी।** पूंडरी में स्थित सदर बाजार में चाय की दुकान चलाने वाले एक 40 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान गुरदीप सिंह गांव शाहय जिला जींद के रूप में हुई है। जो पूंडरी के साथ गांव फतेहपुर में ही शादीशुदा था। जिसके दो बच्चे एक लडका व लडकी है। जो लगभग 8 महीने पहले पूंडरी में आकर किराये के मकान में रहने लगा था और शदर बाजार मार्केट में चाय की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। परिवार वालों ने बताया कि हर रोज की तरह सुबह लगभग 6 बजे घर से दुकान पर आया था, उसके थोड़ी देर बाद पता चला कि उसने दुकान में पंखे से लटकर फांसी लगा ली है। मृतक की पत्नि व बच्चे दौडकर दुकान पर पहुंचे और एक पड़ौसी की मदद से उसे फंदे से उतारा।

## एनडीआरएफ ने चलाया सर्च अभियान

### 30 घंटे बीत जाने के बाद भी नही मिला युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


जुलाना। मालवी गांव में तालाब में सर्च अभियान चलाते एनडीआरएफ की टीम।

मालवी गांव के तालाब में वीरवार को एक युवक डूब गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। ग्रामीणों ने बताया कि वीरवार को सुबह 11 बजे मालवी गांव निवासी 32 वर्षीय सम्मत तालाब में नहाने के लिए उतरा था। कुछ देर बाद वह तालाब में डूब गया। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई। सूचना पाकर रेस्कयू टीम मौके पर पहुंची। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नही लगा तो रेस्कयू टीम को बैरंग ही लौटना पड़ा। मौके पर गोताखोर बुलाए गए हैं लेकिन गोताखोरों को भी निराशा ही हाथ लगी। प्रशासन और ग्राम पंचायत द्वारा एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। हिसार से एनडीआरएफ की टीम और थाना प्रभारी नवीन मोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।थाना प्रभारी नवीन मोर ने एनडीआरएफ की बोट में बैठे और सर्च अभियान चलाया। एनडीआरएफ की टीम ने तीन घंटे तक तालाब में सर्च अभियान चलाया। तीन घंटे की कड़ी मशक्त के बाद कोई भी सुराग नही लग पाया। एनडीआरएफ टीम को बैरंग ही लौटने पर मजबूर होना पड़ा।

### रूट डायवर्ट, जींद से 22 सवारी गाड़ियों को गुजारा

# किसान आंदोलन का ट्रेनों के आवागमन पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फरवरी माह से प्रदेशभर में चल रहे किसान आंदोलन का असर अब ट्रेनों पर भी होने लगा है। इसके कारण ट्रेनों को रद किया जा रहा है या फिर उन्हें डायवर्ट कर भेजा जा रहा है। किसानों ने अंबाला के पास रेलवे ट्रैक पर डेरा डाल लिया है, जिससे अंबाला रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली सुपरफास्ट ट्रेनों और मालगाड़ियों को दिल्ली-बठिंडा रेलवे ट्रैक से गुजारा जा रहा है। शुक्रवार को जींद से लगभग 22 सवारी गाड़ियों को गुजारा गया वहीं जींद से कुरुक्षेत्र के बीच चलने वाली 04993-94 पैसेंजर ट्रेन को रद कर दिया गया है। ट्रेनों का ज्यादा आवागमन होने के चलते फाटकों पर आधा-आधा घंटा वाहन जाम में फंसे रहते हैं। ट्रेन को रद्द करने का रेलवे ने पत्र जारी किया है। हालांकि अभी यह निर्धारित नहीं है कि इस ट्रेन को कितने दिनों तक रद्द रखा जाएगा। यदि किसान अंबाला रेलवे ट्रैक से नहीं उठे तो इस ट्रेन को आगामी दिनों भी रद्द रखा जाएगा। 04994 पैसेंजर ट्रेन जींद जंक्शन से शाम को पांच बजकर 50 मिनट पर कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होती है जो कि नौ बजकर 20 मिनट पर कुरुक्षेत्र जंक्शन पर पहुंच जाती है। उसके बाद 04993 नंबर ट्रेन कुरुक्षेत्र से दस बजे जींद के लिए रवाना होती है और यह ट्रेन रात को 12 बजकर 50 मिनट पर जींद पहुंच जाती है। वहीं किसान यूनियनों के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि सरकार ने गिरफ्तार किए गए किसानों को रिहा नहीं किया तो 22 अप्रैल से जींद में भी ट्रैक पर धरना शुरू करने का फैसला ले सकते हैं।

### एक पैसेंजर ट्रेन रद

जींद रेलवे जंक्शन स्टेशन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि किसान आंदोलन के चलते जींद जंक्शन से लगभग 22 सवारी गाड़ियों को गुजारा गया। वहीं जींद से कुरुक्षेत्र के बीच चलने वाली 04993.94 पैसेंजर ट्रेन को रद कर दिया।

**उचाना स्टेशन खड़ी रही इंटरसिटी और पुणे एक्सप्रेसः** शुक्रवार को सुबह से ही अंबाला ट्रैरक से गुजरने वाली कई ट्रेनों का जींद जंक्शन से गुजरने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके चलते इस ट्रैक पर ट्रेनों का दबाव बढ़ गया। उचाना स्टेशन पर श्रीगंगानगर इंटरसिटी सुपरफास्ट और पुणे एक्सप्रेस कई देर खड़ी रही। ट्रेनों की बात करें तो नरवाना, उचाना, बरसोला और जींद जंक्शन पर सभी ट्रैकों पर ट्रेनें खड़ी थी। किसी अन्य ट्रेन को गुजारने के लिए भी ट्रैक खाली नहीं था। ऐसा ही हाल वीरवार देर शाम भी था। जींद जंक्शन पर सभी ट्रैकों पर गाडियां खड़ी थी। जब दिल्ली-कुरुक्षेत्र के बीच चलने वाली डीएमयू के आने का समय हुआ तो ट्रैरक खाली करने के लिए मालगाड़ी को रवाना करना पड़ा। इसके बाद डीएमयू गाड़ी प्लेटफार्म नंबर 4 पर पहुंची और डीएमयू को दस मिनट बाद रवाना किया गया।

## 3.484 किलोग्राम चुरापोस्त के साथ एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सीआईए सफीदों की टीम ने धर्मगढ़ बोहली से 3.484 किलोग्राम चुरापोस्त सहित एक नशा तस्कर को काबू किया है। आरोपित की पहचान जितेंद्रपाल सिंह निवासी धर्मगढ़ बोहली के रूप में हुई है। सीआईए की टीम एएसआई कमल सिंह के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के लिए गांव साहनपुर पर मौजूद थी कि सीआईए टीम को सूचना मिली कि आरोपी जितेंद्रपाल सिंह निवासी धर्मगढ़ बोहली अपने घर पर नशीला पदार्थ चुरापोस्त बेचने का धंधा करता है। जो सीआईए टीम ने खुफिया सूचना को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया और टीम जितेंद्रपाल सिंह के मकान पर पहुंची तो एक व्यक्ति डेरे के बाहर खड़ा दिखाई दिया। वह पुलिस पार्टी को देखकर एकदम अपने घर के अंदर भागने लगा। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) जींद विजय कुमार को बुलाकर उनकी हाजिरी में आरोपी की तलाशी ली तो उसके मकान मे बने कमरे में अलमारी के पीछे से एक पोलीथीन में 3 किलो 484 ग्राम चुरापोस्त बरामद हुआ।

**खबर संक्षेप**

### रिटायर्ड कर्मचारियों का चुनाव 21 को

**जींद**। हरियाणा राजकीय रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की बैठक खंड सचिव करण सिंह मलिक की अध्यक्षता में नेहरू पार्क नरवाना में आयोजित की गई। जिसमें खंड नरवाना के रिटायर्ड कर्मचारी और अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई कि 21 को नेहरू पार्क नरवाना में रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन का जो चुनाव होना है, उसमें सभी सदस्य हिस्सा लें।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में नेहा ने मारी बाजी

**जींद**। राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा के निर्देशन में लीगल लिटरेसी सेल और इतिहास विभाग के निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या बबीता पवार ने किया। प्रतियोगिता में 21 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा ने प्रथम, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद**। दालमवाला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दालमवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोड करें : रजा

**जींद**। डिजिटलाइजेशन के बढ़ते दौर में चुनाव आयोग ने भी कई महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रानिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई.ईपीआईसी की सुविधा शुरु की हुई है।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मिलेगी स्टीक जानकारी

**जींद**। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान गलत सूचना के प्रचार व प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की गरिमा व अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की ओर से मिथ और रियलिटी पर आधारित ऑनलाइन प्लेटफर्म मिथ वास्स रियलिटी रजिस्टर किया गया है। प्रक्रिया के दौरान स्टीक, प्रमाणित और सत्यापित जानकारी मिले।

### पूर्व सीएम ने दिया मुकरने वाला ब्यान

**सफीदों**। आईपी सोसाईटी के सदस्य राकेश जैन का कहना है कि पूर्व मुख्ययमंत्री मनोहर लाल ने पैरामैडीकल कालेज मामले में एक प्रकार से मुकरने वाला ब्यान दिया है। इस पैरामेडीकल कालेज के इस प्रकार से ट्रांसफर हो जाना किसी भी प्रकार से जायज नहीं है और यह सफीदों क्षेत्र की जनता व यहां के विद्यार्थियों के लिए एक कुठाराघात के समान है।

### मतदान करना आपका कर्तव्य : इमरान रजा

**जींद**। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सवार्ेपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए। बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवांवित महसूस करें।

### कांग्रेस के पक्ष में बन रहा है देश में माहौल

**उचाना**। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने अपने डूमरखा कलां स्थित आवास पर प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि देश में कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल निरंतर बनता जा रहा है।

## वेयर हाउस गोदाम पर नमी ज्यादा बता ट्रकों को अनलोड करने से किया मना

# नई अनाज मंडी में खरीद और गेहूं के उठान पर ब्रेक

एसडीएम तथा मार्केट कमेटी सचिव ने बातचीत कर सुलझाया विवाद, वेयरहाउस गोदाम में मीटर दिखा रहा था गेहूं की नमी में फर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आढ़तियों तथा अनलोडिंग को वेयर हाउस के बीच नमी विवाद के चलते शुक्रवार को नई अनाज मंडी में ना तो खरीद नही हुई और ना ही उठान हो पाया। विवाद की सूचना पाकर एसडीएम राकेश सैनी तथा मार्केट सचिव ने आढ़तियो तथा खरीद एजेंसियों के साथ बातचीत की। जिसके बाद तीन मीटरों से गेहूं नमी की जांचने का निर्णय लिया गया। अब तीन मीटरों से गेहूं की नमी की जांच होगी। जिसके बाद लोडिंग तथा अनलोडिंग का फैसला होगा। मंडी में उठान धीमा होने के कारण लागभग पांच लाख क्विंटल गेहूं मंडी में अटकी हुई है। नई आज मडी के आढियो का शुक्रवार को उस समय धैर्य जबाव दे गया। जब वेयर हाउस कर्मियों ने गोदाम पर ट्रको को गेहू मे नमी बता कर अनलोढ करने से मना कर दिया। गोदाम पर अनलोडिंग की सूचना मिलने पर आढतियो ने गेहू खरीद का काम रोक दिया। आढतियो का कहना था कि जब खरीद के दौरान एजेसी के मीटर मे नमी मापदडो पर खरी है तो वेयर हाउस के गोदाम का मीटर नमी कैसे 'यादा दिखा रहा है।



जींद। अनाज मंडी में खुले में रखा गेहूं। फोटो :हरिभूमि



जींद। मंडियों में खुले आसमान के नीचे गेहूं। फोटो :हरिभूमि

## उपायुक्त ने लिया गेहूं खरीद का जायजा

**जींद**। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में मंडी खरीद कार्य से जुडे अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिला में खरीद कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिन नोडल अधिकारियों की ड्यूटी मंडियों में लगाई गई है वे निरंतर खरीद प्रक्रिया पर नजर रखें और इसे सुचारू रूप से संपन्न करवाएं। गेहूं की खरीद के साथ ही उठान का कार्य भी तुरंत किया जाए। उन्होंने सभी मंडियों में व्यवस्था और खरीद प्रक्त्रिया का फीडबैक भी लिया। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर बारदाना की आवश्यकता है, वहां तत्काल उपलब्ध कराया जाये। इसके अलावा उन्होंने एजेंसियों द्वारा लगाए गए कंडों को नापतोल विभाग से चैक करवाने के निर्देश दिए और कहा कि हर सप्ताह सभी कंडों को चैक किया जाए अगर किसी ने किसानों के अनाज के साथ तोल में हेराफेरी की तो उसपर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और सम्बंधित का लाईसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। जिला में यदि कहीं भी उठान कार्य के लिए लेबर की समस्या आती है तो उस बारे में उन्हें तुरंत अवगत करवाया जाए। सभी मापदंड पूरा करने के बाद भी यदि कोई आढ़ती अनाज खरीदने में आनकानी करता है तो



उसकी सूचना तुरंत दें। उपायुक्त ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी लगातार क्षेत्र में रहकर खरीद प्रक्रिया पर नजर रखें। अगर कहीं कोई समस्या है तो उसे तुरंत दूर करें। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए बिजलीए पानी व शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लिफ्टिंग के कार्य को साथ की साथ करवाना सुनिश्चित करें अगर कोई ठेकेदार लिफ्टिंग के कार्य में अनदेखी करता है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब या बारीश होती है तो किसानों की फसल को सुरक्षित रखने के लिए आढ़ती तिरपाल इत्यादि की समुचित व्यवस्था रखें ताकि किसान की फसल खराब ना हो। उन्होंने सम्बंधित एजेंसियों को खरीद व लिफिटिंग के कार्य में तेजी लाने को कहा।

### अनाज मंडियों, अन्न खरीद केंद्रों में हो रही फसल की खरीद

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि किसानों को फसल बिक्री में कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिला की अनाज मंडियों, अन्न खरीद केंद्रों में फसल की खरीददारी तेजी से करवाई जा रही है। वीरवार तक अनाज मंडियों में 303071 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। मंडियों में पहुंची समस्त गेहूं की खरीद सरकारी खरीद एंजेसियों द्वारा करवा ली गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी आड़े न आए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को बताया कि गेहूं की आवक के मामले में अलेवा में 22421 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उचाना अनाज मंडी में अबतक 41773 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। नरवाना में 26567 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडी में 38636 मीट्रिक टन, जुलाना की अनाज मंडी में 30387 मीट्रिक टन गेहूं, छातर की अनाज मंडी में 90635 मीट्रिक टन, धनौरी की अनाज मंडी में 6100 मीट्रिक टन, धमतान की अनाज मंडी में 3858 मीट्रिक टन, गढ़ी अनाज मे 3363 मीट्रिक टन, जींद की अनाज मंडी में 34491 मीट्रिक टन, सफीदों की अनाज मंडी में 39879 मीट्रिक टन, नगूरां की अनाज मंडी में 11493 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है और मंडियों में पहुंचे गेहूं को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग 124328 मीट्रिक टन, हैफेड 87848 मीट्रिक टन, एफसीआई 5825 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 85070 मीट्रिक टन एंजेसियों द्वारा खरीदा जा रहा है।

### एसडीएम ने निरीक्षण कर लिया मंडियों में खरीद प्रबंधों का जायजा

**सफीदों**। उमंण्डलाधीश मनीष कुमार फोगाट ने शुक्रवार को सफीदों व हाट गांव की अनाज मंडियों तथा वेयर हाउस में पहुंच निरीक्षण कर खरीद प्रबंधों का जायजा लिया। इससे पूर्व उन्होंने सफीदों मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों ट्रांसपोर्टरों व आढ़तियों की बैठक लेकर लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित एजेंसियों को कहा की गेहूं खरीद कार्य होने के तुरंत बाद उठान का कार्य तेजी से किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मंडी में सभी आवश्यक सुविधाओं को पुख्ता कर लें।

# निबंध लेखन में अंजू अव्वल

- कानून और अधिकार के प्रति जागरूकता के लिए प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजकीय महाविद्यालय छातर में लीगल लिटरेसी सेल के तत्वावधान में कानूनों और अधिकारों के विषय में जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा द्वारा की। संचालन करते हुए कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. रविंद्र भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों को मानव अधिकार, मौलिक कर्तव्य, दिव्यांगजनों के अधिकार, भ्रूण हत्या, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, रैगिंग, बाल विवाह, वरिष्ठ जनों के अधिकारों से जुड़े कानूनी प्रावधानों और प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, ऑन स्पॉट पेंटिंग, काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

निबंध लेखन में अंजू ने प्रथम, सीमा ने द्वितीय और मानसी ने तृतीय, स्लोगन लेखन में 'योति ने प्रथम, मंजू देवी ने द्वितीय और योगिता ने तृतीय, ऑन स्पॉट पेंटिंग में योगिता ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय और सीमा ने तृतीय, काव्य पाठ में मोनिया ने प्रथम, सोमपाल ने द्वितीय और सीमा ने तृतीय और भाषण प्रतियोगिता में पिंकी ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय और सुमिती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. पिंकी देवी, प्रो. भीम सिंह, संदीप कुमार मौजूद रहे।



उचाना। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### सीआर कॉलेज में छात्राओं को दी डायल 112 की जानकारी

**जींद**। सीआर कालेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं और महिलाओं के सुरक्षित आवागमन के लिए कार्यक्रम आयोजित कर डायल 112 की जानकारी दी गई। इसमें महिला इंस्पैक्टर मुकेश, एएसआई रीना, एसपीओ अनीता और गीता ने शिरकत की। महिला इंस्पेक्टर मुकेश ने छात्राओं को किसी भी तरह की आने-जाने में असुविधा या अकेलेपन के कारण मनचलों द्वारा छेड़छाड़ व डर की अवस्था में डायल 112 पर सूचित करने को कहा। एसपीओ अनीता और गीता ने महिला कर्मचारियों और छात्राओं को डायल 112 के बारे में जानकारी दी और डायल 112 एप डाउन लोड करवाया। छात्राओं ने एएसआई रीना से विभिन्न तरह की समस्याओं के लिए समाधान पूछकर अपने मन की जिज्ञासा शांत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कुलबीर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय है। इससे छात्राओं और महिलाओं में हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम में डा. मीनाक्षी, प्रो. मंजू, प्रो. अंजू, प्रो. सीमा, प्रो. रेखा, डा. मीनाक्षी मलिक, प्रो. 'योति आदि मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

- चालक प्रशिक्षण स्कूल में प्रशिक्षुओं को जागरूक करने मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महेंद्रगढ़ जिले की तहसील कनीना के गांव उन्हानी में स्कूल बस के हादसे को लेकर रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान संदीप रंगा ने शुक्रवार को महाप्रबंधक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से मांग की कि चालक व परिचालक, स्टाफ व ट्रेनिंग स्कूल के प्रशिक्षुओं को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए ताकि ऐसे हादसे फिर से न हों। राज्य प्रधान आजाद गिल ने कहा कि हमारा भी कर्तव्य बनता है कि यातायात नियमों की पालना करें। कनीना हादसे को लेकर संगठन जल्द अभियान का संचालन करेगा। जिसमें स्कूलों और ड्राइविंग संस्थानों में जाकर चालकों को यातायात के नियमों और सुरक्षा संबंधित नियमों से नैतिक जिम्मेदारी से सबको जागरूक करने का काम किया जाएगा। डिपो प्रधान अनिल गौतम ने कहा कि सभी स्कूल संचालकों को काफी गंभीरता से अपनी कार्यशैली पर विचार करने की आवश्यकता है। क्योंकि उनकी जरा सी लापरवाही के कारण पता नही कितने घरों के चिराग बुझ गए। हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के पधाधिकारी और सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से अपील भी की है कि इस मामले में प्रत्यक्ष ओर अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदारों को किसी भी सूरत में न बख्शा जाए।



जींद। महाप्रबंधक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते यूनियन सदस्य।



स्कॉलरशिप टैस्ट में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ।

### अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नरवाना**। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में गत दिनों स्कालरशिप टैस्ट का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम आज घोषित किया गया व इस परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को उचित ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में 647 विद्यार्थियों ने भाग लियां व प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चेयरमैन रवि श्योकन्द, डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या उमा यादव द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर इंजी० प्रदीप नैन ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष स्कॉलरशिप टैस्ट का आयोजन किया जाता है। आस-पास के गाँवों से विद्यार्थी यह परीक्षा देते है। उन्होंने कहा ऐसी परीक्षाओं से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है और वे आत्मनिरीक्षण करने में सक्षम बनते हैं। इस परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके ज्ञान व कौशल के आधार पर छात्रवृत्ति लाभ प्रदान किए जाते हैं।

# टीम ने किया शैक्षणिक-प्रशासनिक ऑडिट

- लखीमपुरी महाविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक कागजातों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय पीजी कालेज में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा शैक्षणिक और प्रशासनिक ऑडिट किया गया। इस छह सदस्य टीम में सीआरएसयू के डीन ऑफ अकादमिक एसके सिन्हा, प्राचार्या डा. पूनम काजल, प्राचार्य सत्यवान मलिक, एलुमनी कमेटी के सदस्य डा. नरेश जागलान व औद्योगिक विशेषज्ञ राजकुमार गोयल और सतीश कुमार शामिल रहे। टीम ने अपने मुआयना में महाविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक कागजातों का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, लाईब्रेरी, आईटी सेल आदि का निरीक्षण किया।

टीम ने एक ओर महाविद्यालय की विशेषताओं, प्रमुखताओं का जिक्रकिया, उनकी सराहना की तो दूसरी ओर कमजोरियों और सुधार किए जा सकने की गुंजाइश को ध्यान में रखते हुए अपने बहुमूल्य मत रखे। सुझावों में महाविद्यालय को अपनी प्राथमिकता में रिसर्च और पीएचडी के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित प्रौद्योगिकी और परिपक्व शिक्षा को सम्मिलित करना शामिल है। महाविद्यालय के निरीक्षण की रिपोर्ट टीम द्वारा उच्चतर शिक्षा निदेशालय को भेज दी गई।



जींद। राजकीय पीजी कालेज में आडिट करती टीम। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में बेस्ट यूनिफॉर्म प्रतियोगिता

**नरवाना**। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में बेस्ट यूनिफॉर्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से पाँचवी कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। अध्यापिका वंदना, मनप्रीत और सुमन ने इस प्रतियोगिता का संचालन किया। बच्चे हर वर्ष इस प्रतियोगिता में बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हैं और अपने आप को साफ सुथरा और अच्छी यूनिफॉर्म में आने के लिए प्रदर्शित करते हैं। इस प्रतियोगिता में यूनिफॉर्म के अंदर टाई, जूते, रुमाल नाखून, साफ सुथरे कपड़े आदि की जांच के आधार पर बच्चों का चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान और चेयरमैन प्रवीण ने इस प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि सभी बच्चे अच्छी यूनिफॉर्म और साफ सुथरा होकर आए हैं। निरीक्षण के बाद विजेता बच्चों को प्रधानाचार्य नवीन, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान, चेयरमैन प्रवीण ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## संयुक्त निदेशक कृषि क्वालिटी कंट्रोल मनजीत नैन पहुंचे नरवाना

# गांवों के खेतों से लिए क्रॉप कटिंग सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कृषि विभाग नरवाना द्वारा क्षेत्र के सभी गांवों के खेतों में क्रोप कंटिंग का सैम्पल लिया जा रहा है। जिसमें विभाग द्वारा किसानों के खेत से एक मरला क्रोप कटिंग का सैंम्पल लिया जाता हे जिसके बाद क्रोप कंटिंग से गेंहू की कटाई कर गेंहू का अलग से तोल किया जाता है जिसके आधार पर पुरे खेत की फसल का औसत निकाला जाता है। क्रोप कटिंग के आधार पर पुरे खेत की फसल की निकली औसत के आधार पर ही किसानो की मुआवजा राशि तय की जाती है बतादें कि यह मुआवजा राशि केवल बीमीत किसानों को दी जाती है जिसने फसलों का बीमा करवाया है। इसी आधार पर सरकार द्वारा आपदा आने के सुरत में भी मुआवजा की राशि तय की जाती है। वहीं इसी सिलसिले में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक क्वालिटी कंट्रोल मनजीत सिंह नैन ने नरवाना के दबलैन में जाकर किसान इश्वर सिंह पुत्र फकीर चन्द के खेत में क्रोप कटिंग का सैम्पल लिया। इस दौरान कृषि विभाग के कृषि विकास अधिकारी डॉ रवि ने बताया कि फसल के एवरेज आधार पर सरकार द्वारा प्लानिंग तैयार की जाती है कि एक एकड़ पर कितनी पैदावार होगी और उसको पैक करने के लिए कितने बार दाने की आवश्यकता होगी व कौन-कौन सी सरकारी एजेंसियों गेहूं की खरीद करेंगी और कितनी भण्डारण क्षमता की जरूरत होगी। इसी आधार पर कृषि सम्बन्धी सभी निर्णय सरकार द्वारा प्लान किये जाते है। फ़सल खराबे का जायजा भी इसी एवरेज के आधार पर लिया जाता है। सात सालों के एवरेज के आधार पर ही बिमित किसान के फ़सल खराबे की राशि तय की जाती है।



नरवाना। किसान से उसके खेत में क्रोप कटिंग करवाते हुए कृषि अधिकारी।

### निदेशालय के अनुसार लिए सैंपल

नरवाना क्षेत्र के सभी गांवो के खेतों की क्रोप कटिंग के सैम्पल ले लिये है। क्रोप कटिंग में खेत से एक मरला(प्लॉट)की पैमाईस करके उस फसल की कटाई की जाती है और उससे निकली गेंहू की अलग से तोल की जाती है जिसके आधार पर ही पुरे खेत की फसल औसत निकाली जाती है। कृषि निर्देशालय पंचकुला के आदेशानुसार जिस-जिस गांवो के खेतों के सैंम्पल लेने थे वह ले लिये जा चुके है।

*-कृषि एंव कल्याण अधिकारी नरवाना एसडीओं बलजीत लाठर*



जींद। शैक्षणिक भ्रमण पर गए छात्र। फोटो :हरिभूमि

### एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया

**जींद**। राजकीय महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अकादमी नई दिल्ली में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का आयोजन दो चरणों में हुआ। जहां प्रथम चरण में विद्यार्थियों को अकादमी के फैकल्टी मेंबर द्वारा स्टॉक एक्सचेंज एवं इसकी कार्यप्रणाली के बारे में थ्योरिटिकल तरीके से बताया गया तथा दूसरे चरण में स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर प्रायोगिक अध्ययन करवाया गया ताकि विद्यार्थी प्रैक्टिकल तरीके से एक्सचेंज की कार्यप्रणाली के बारे में जान सकें और सही तरीके से विनियोग कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का यह भ्रमण महाविद्यालय का पहला भ्रमण है जिससे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। भ्रमण संयोजक डा. गौरव बंसल ने बताया कि वे स्टॉक एक्सचेंज संबंधित विषयों को पढ़ाते हैं और इन विषयों को और अधिक रचनात्मक तरीके से समझाने के लिए उन्होंने इस भ्रमण को आयोजित किया है। भ्रमण में डा. गौरव बंसल, डा. शर्मिला एवं 42 छात्र मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पेयजल आपूर्ति का पाइप लीक होने से परेशानी

**सीवन।** सीवन के पटवार भवन के पास पेय जल आपूर्ति का पाइप लीक होने से सड़क पर पानी जमा हो गया है जिससे आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवन का यह रास्ता बिलकुल खस्ता हाल है और टूटा हुआ है। सड़क पर बहुत अधिक गड्ढे हैं और अब इन गड्ढों में पानी जमा हो गया है जिसके कारण परेशानी बहुत बढ़ गई है। मोहल्ला निवासी मोहित, विशाल रहेजा, सचिन मदन, कंचन रानी, जगदीश तनेजा व अन्य ने बताया कि पिछले कई दिनों से यहां पर पाइप लीक कर रहा है और पूरा पानी सड़क पर फैल रहा है।

### स्पेलिंग एंड मीनिंग टेस्ट प्रतियोगिता करवाई

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में वाइब्रेंट लर्निंग क्लब अंग्रेजी विभाग के तत्वाधान में स्पेलिंग एंड मीनिंग टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में 16 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस टेस्ट को शुरू करवाने से पहले क्लब के मेंटर एवं महाविद्यालय प्राचार्य राम मेहर सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

## मॉडल संस्कृति स्कूलों में हिंदी माध्यम से शिक्षा नहीं देने का विरोध

# शिक्षकों का डीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम सौंपा ज्ञापन

- अध्यापकों ने मांग की कानून का पालन हो और शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की अवहेलना करने और मॉडल संस्कृति स्कूलों में हिंदी माध्यम से शिक्षा नहीं देने के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों ने प्रदर्शन किया तथा बाद में जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विजेन्द्र मोर ने व संचालन जिला सचिव बूटा सिंह ने किया।



**कैथल।** डीईओ विजय लक्ष्मी को ज्ञापन सौंपते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि इससे पहले अध्यापकों ने लम्बित मामलो को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया से विस्तार से मीटिंग की गई।

राज्य सचिव रामपाल शर्मा व कंवारजीत ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूलों में केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है,जबकि बड़े-बड़े शिक्षाविदों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्थानीय भाषा या मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पहली कक्षा में अनिवार्य रूप से हिंदी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जाए। क्योंकि उसे क्षेत्र/ गांव में हिंदी माध्यम का दूसरा विद्यालय भी नहीं है। राज्य सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि मॉडल स्कूलों में ढांचागत सुविधाओं के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है।

अर्थात कमरा कम हैं, शिक्षक कम हैं तो प्रवेश भी थोड़े छात्रों को दिया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि छात्रों को प्रवेश अनुसार ढांचागत सुविधा उपलब्ध कराई जाए और प्रवेश में आरक्षण प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने कहा कि कहा कि आजादी के 64 वर्षों के बाद देश को शिक्षा अधिकार अधिनियम निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिला। जिसके अनुसार आठवीं कक्षा तक के छात्रों को निशुल्क शिक्षा मिलेगी। प्रदेश सरकार मॉडल संस्कृति स्कूलों के नाम पर कानून का उल्लंघन करके छात्रों से दाखिला फीस और मासिक ट्यूशन फीस वसूल रही है। उन्होंने मांग की कानून का पालन हो और शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिए जाएं। निशुल्क शिक्षा दी जाए। उन्होंने आगे कहा कि पहली सरकार है जो छात्रों को चिराग योजना के नाम पर निजी विद्यालयों में भेज रही है जिनकी फीस सरकार दे रही है और अपने सरकारी मॉडल स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों से फीस वसूल रही हैं। चिराग योजना से सरकारी स्कूलों में नामांकन घट रहा है।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि चिराग योजना को वापस लिया जाए और शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को मजबूत किया जाए। इस अवसर पर शीशपाल शर्मा, भूपेंद्र सिंह, दल सिंह, विजेंद्र शर्मा, कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, रामफल दयोहरा,गोपालदास, सरदूल सिंह, नारायण दत्त, सतबीर सिंह,सुधीर शर्मा, नसीब सिंगला विशेष रूप से मौजूद रहे।


**कैथल।** बेरी विद मार्केट चंडीगढ़ का इंडस्ट्रीयल दौरा करते एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों ने किया बेरी विद मार्केट चंडीगढ़ का इंडस्ट्रीयल दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- इस प्रकार के इवेंट करने से छात्रों में आत्मविश्वास पैदा होता है और उनके कौशल विकास में वृद्धि होती है

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के छात्रों ने बेरी विद मार्केट चंडीगढ़ का इंडस्ट्रियल दौरा किया। विश्वविद्यालय के छात्रों के इस दौरे को कुलपति महोदय प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के इवेंट करने से छात्रों में आत्मविश्वास पैदा होता है और उनके कौशल विकास में वृद्धि होती है ,विश्वविद्यालय छात्रों के लिए इस तरह के भ्रमण का आयोजन भविष्य में भी करता रहेगा। भ्रमण के दौरान छात्रों ने उपस्थित स्टाफ के साथ वातालाप किया और स्टॉक मार्केट की जानकारी ली, की कैसे ट्रेडिंग विद इक्विटी और फॉरेक्स में डील की जाती है। इसके अलावा छात्रों ने एंलटें मॉल, सुखना लेक और रॉक गार्डन का भी भ्रमण किया। इस दौरान विभाग के प्राध्यापक रीना,अरविंद एवं आलोक विशेष रूप से इंडस्ट्रियल दौरे में छात्रों के साथ उपस्थित रहे।

# पुलिस ने छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आईजी महिला कॉलेज कैथल व हारट्रोन कंप्यूटर सेंटर कैथल की छात्राओं को कई मुद्दों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान महिला थाना एसएचओ एसआई रेखा द्वारा छात्राओं को बताया गया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आकर पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।

उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध व निवारण, ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा तथा महिला सशक्तिकरण बारे विस्तृत जानकारी दी गई। एसआई रेखा द्वारा छात्राओं को साईबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और डायल 112 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाएं या छात्राएं किसी भी प्रकार के शोषण की अनदेखी न करें, विपरीत परिस्थितियों में तुरंत अपने किसी भी नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना देकर या डायल 112 पर कॉल करके तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं व देश की तरक्की में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं और यह केवल जागरूकता और अधिकारों के ज्ञान से ही संभव है।


**कैथल।** एसआई रेखा छात्राओं को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि


**कैथल।** धनौरी के राजकीय महाविद्यालय में एड्स से बचाव की शपथ दिलाती प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय महाविद्यालय में चलाया एड्स जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय महिला महाविद्यालय धनौरी मे एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान को चलाने का उद्देश्य लोगों को इस भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ रोजी गुप्ता ने छात्राओं को जागरूक करते हुए एड्स व उसके प्रारंभिक लक्षणों के बारे में बताया। इस बीमारी के बारे में बताते हुए कहा कि यह बीमारी इतनी भयानक नहीं है। यदि कोई संक्रमित व्यक्ति समय पर इलाज करा लेता है तो वह इस बीमारी से बच सकता है, नहीं तो अंतिम चरण में इसका कोई बचाव नहीं है। इस उपलक्ष्य पर छात्राओं ने समाज को एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकताः कुलदीप बेनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर सीवन, गोविंदपुरा, खरौदी व थेह मुकेरिया में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है।

डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ़ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशे के आदि व्यक्ति का नशा छुड़वाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।


**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करते एचसी सुनील कुमार। फोटो : हरिभूमि

## यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करें नव मतदाता : सी जया श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी एवं स्वीप नोडल अधिकारी सी जया श्रद्धा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने और अपना वोट बनवाने के लिए टर्निंग 18 और यू आर द वन जैसे स्लोगन देकर सोशल मीडिया के जरिए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने बताया कि टर्निंग 18 का अर्थ है कि युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें और अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि को चुनें। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी पूर्णतः सक्रिय है। निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नए मतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से 30 साल की आयु के हैं, उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है। ये युवा आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं।

# लंबित मामलों का लोक अदालत में करवाएं निपटारा : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने बताया कि आगामी 11 मई, 14 सितम्बर और 14 दिसम्बर 2024 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवा सकते हैं। न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। यह जानकारी देते हुए सचिव दानिश गुप्ता ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

# भाजपा सरकार हर वर्ग की दुश्मन : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इनैलो उम्मीदवार चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि समूचे हरियाणा सहित कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने कोई विकास कार्य नहीं करवाए है, कुरुक्षेत्र में अधिकतर विकास कार्य जो हुए है, वह पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला के कार्यकाल में इनैलो सरकार में हुए है। आज प्रदेश में सडके टूटी पड़ी है, पीने के पानी की किल्लत है, स्कूलों में टीचर नहीं है, अस्पतालों में डाक्टर नहीं है और युवाओं को रोजगार नहीं है। किसानों को एम.एस.पी. नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है। चौ. अभय सिंह चौटाला अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत आज ढांड में इनैलो नेता तेजवीर गुर्जर के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय चौटाला ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान, मजदूर, कमेरा वर्ग, आढ़ती, व्यापारी, युवा, कर्मचारी सहित हर वर्ग की दुश्मन बन चुकी है।



# पूरे सीजन खाने व ठंडे पानी की व्यवस्था रहेगी: सतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक सतपाल जांबा ने अदानी साइलो गोदाम सोलु माजरा में किसानों के लिए लंगर सेवा की शुरूआत की, जिसमें प्रतिदिन सैंकड़ों किसान भोजन ग्रहण करेंगे। आज पूंडरी कार्यालय में बातचीत में सतपाल जांबा ने कहा कि पिछले साल से ही उन्होंने ये व्यवस्था करने के लिए तय कर लिया था। उन्होंने कहा कि जो किसान यहां फसल बेचने के लिए पहुंच रहे हैं और जो कर्मचारी व अधिकारी दिन-रात यहां ड्यूटी पर रहते हैं, उनको यहां पर पेयजल और भोजन आदि की काफी समस्या आती थी, जिसको देखते हुए आज से ही लंगर की व्यवस्था की गई है और ठंडे पानी की छबील भी शुरू की गई है जोकि पूरे सीजन तक चलेगी। जांबा ने कहा कि जब तक गेहूं की अंतिम ट्राली तक की खरीद नहीं होगी, तब तक भंडारा और ठंडे पानी की छबील जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए अदानी फाइलों के अधिकारियों का भी उन्हें सहयोग मिलता है। जब भी अधिकारियों से किसी भी विषय में बातचीत की है तो उन्होंने हर वक्त सहयोग कर किया भी है और भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन मिला है। जांबा ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। जनता के लिए उन्होंने प्रयास जो भी किए हैं उसके लिए निरंतर काम करने वाली उनकी पूरी टीम है, जिसका वे शब्दों में धन्यवाद नहीं कर सकते क्योंकि उनकी मेहनत से ही आज वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं कि स्वच्छता अभियान लगभग 43 गांव से अधिक गांवों में पहुंच चुका है और इसमें टीम के साथ-साथ मीडिया और स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला है। सतपाल जांबा ने कहा कि जो अदानी साइलो है, उसके आसपास थोड़ी गंदगी है, उसकी भी सफाई करने के बाद यहां फॉगिंग करवाई जाएगी क्योंकि दिन-रात यहां किसान, मजदूर और अन्य कर्मचारी-अधिकारी बैठते हैं, उन्होंने मच्छरों की भरमार बताई है, जिसको लेक्ट जल्द ही यहां फॉगिंग करवाई जाएगी।



**पूंडरी।** बातचीत करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक सतपाल जांबा। फोटो : हरिभूमि

## पुंडरिक तीर्थ पर अखंड रामायण पाठ

**पूंडरी।** रामनवमी के उपलक्ष में पुंडरिक तीर्थ पूंडरी पर महंत योगी खुशीनाथ व उनके शिष्य योगी सोमवार नाथ द्वारा अखंड रामायण पाठ व 2 दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ?र भाग लिया। योगी सोमवार नाथ ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं, उन्होंने हमको जीवन के मूल्यों को सिखाया है। उन्होंने बताया कि जीवन में कोई भी परिस्थिति हो लेकिन व्यक्ति को उसका सामना डट कर करना चाहिए सभी लोगों को अपने भाग्य के अनुसार कार्य करने पड़ते हैं। महंत खुशीनाथ ने कहा कि अखंड रामायण पाठ करने से घर में किसी प्रकार से छुपी आसुरी शक्तिया समाप्त हो जाती हैं और घर व क्षेत्र में सुख, समृद्धि का माहौल उत्पन्न होने लगता है। रामायण पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।


**पूंडरी।** पुंडरिक तीर्थ पूंडरी पर महंत योगी खुशीनाथ साथ में योगी सोमवार नाथ। फोटो : हरिभूमि

## महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों ने लगाए ग्यारह स्कूलों में योग शिविर

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के छात्र प्रतिदिन अलग-अलग स्कूलों में जाकर स्कूली छात्रों को योग शिविरों के माध्यम से योग, दिनचर्या एवं आहार के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से स्कूली छात्रों एवं विश्वविद्यालय के छात्रों का शिक्षण-प्रशिक्षण हो रहा है। छात्र जीवन में जो संस्कार दिये जाते है, वही जीवन भर काम आते है । वर्तमान समय में छात्रों के खेलने का समय मोबाइल लेता जा रहा है। जिसके भविष्य में गम्भीर परिणाम होने की सम्भावना है। यदि छात्र जीवन से ही विद्यार्थी योग का अभ्यास प्रारम्भ करते है तो निश्चित रूप से यह उनके भविष्य के लिए अच्छा होगा। भारत सरकार भी निरन्तर प्रयास कर रही है कि योग सभी नागरिकों की जीवन-शैली का अभिन्न अंग बन जाये और इसी प्रकार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज जी कहते है कि शिक्षा केवल बन्द कमरों तक सीमित नहीं हो सकती। जो विद्यार्थी फिल्ड में सीख सकता है वह कक्षा कक्ष में नहीं सीख सकता । इसलिए जीवन्त प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को विद्यालयों में भेजा जा रहा है।

# 250 विद्यार्थियों ने दी बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा कैथल के सभागार में विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय बुनियाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं लेवल 3 की परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ विजयलक्ष्मी जिला शिक्षा अधिकारी कैथल एवं विशिष्ट अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया व प्रदीप सेन्सनवाल डायरेक्टर विकल्प फाउंडेशन ने शिरकत की। डॉ विजयलक्ष्मी नेबताया कि बुनियाद के माध्यम से बच्चे अपने करियर की उड़ान भर सकते हैं यह सरकार की बहुत महत्वपूर्ण योजना है जो विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाई जा रही है। बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग की ओर से नौवीं कक्षा के बच्चों को जे ई ई एवं नीट की परीक्षा के लिए विकल्प फाउंडेशन द्वारा तैयारी करवाई जाती है।



**कैथल।** डीइओ डा. विजयलक्ष्मी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, बलबीर पुत्र श्री राम किशन निवासी गांव बीबीपुर जींद, हरियाणा-126102 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

हम, कुलदीप पुत्र जिले सिंह, संजय पुत्र महेंद्र सिंह तथा साहिल पुत्र महेंद्र सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी गांव देवबन तहसील व जिला कैथल बयान करते हैं कि हमारे दादा जिले सिंह पुत्र श्री अरदन सिंह ने वसीयत 88/3 दिनांक 28-05-2018 हमारे हक में बनवाई थी। जिले सिंह की दिनांक 27-02-2021 को मृत्यु के पश्चात उक्त वसीयत का इंतकाल हमारे नाम करवाया जाना है। यदि किसी को उक्त इंतकाल पर आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 26-04-2024 तक हमारे पते मोबाइल नंबर 82950-22836 पर दर्ज करवा सकता है। इसके बाद कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार जीन्द।**

पिंकी पत्नी स्व. अजीत कुमार पुत्र श्री धर्मपाल निवासी म.नं. 4373 डिफैन्स कालोनी जीन्द हाल आबाद विजय नगर जीन्द।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अजीत कुमार पुत्र श्री धर्मपाल निवासी म.नं. 4373 डिफैन्स कालोनी जीना हाल आबाद विजय नगर जीन्द का स्वर्गवास 30.04.2023 को हो चुका है। इनकी मृत्यु पश्चात निम्नलिखित वारसान हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पिंकी | मृतक की पत्नी |
| 2 | मुस्कान | मृतक की पुत्री |
| 3 | कीर्ती | मृतक की पुत्री |
| 4 | गौरव | मतृक का पुत्र |

इनके इलावा उक्त मृतक का दीगर वारिसान कोई नहीं है जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिये हर आग व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर-2 इस कार्यालय के कार्यदिवस पर ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 19-04-24 को मेरे हस्ताक्षर की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-हल्का पटवारी
जीन्द।

## खबर संक्षेप



### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ के एचसी लखविंद्र सिंह की सूचना पर एएसआई जसबीर सिंह द्वारा आरोपी गांव बाबा लदाना निवासी गुलफान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जाखोली अड्डा कैथल निवासी अंकित गर्ग की शिकायत अनुसार 17 अप्रैल 2024 को खाटु श्याम मंदिर कैथल के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था।



### हनुमान जयंती पर हवन भंडारा व जागरण 23 को

**ढांड।** श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर ढांड में प्रधान लाला कश्मीरी लाल गर्ग की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें विशेष रूप से डॉ. श्रीभगवान शर्मा, बीरभान गर्ग, राजेश गोयल, अनिल बंसल, श्याम लाल गर्ग आदि मौजूद थे। इस मौके पर रामकिशन गर्ग, सतनारायण वर्मा, रामकुमार गर्ग, ईश्वर प्रजापत आदि मौजूद थे। बैठक में जानकारी देते हुए प्रधान लाला कश्मीरी लाल गर्ग ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

### गेहूं उठान के कार्य ने गति नहीं पकड़ी

**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी में उठान का कार्य धीमी गती के चलते किसानों व आढ़तियों ने रोष प्रकट किया है। लगातार पिछले कई दिनों से उठान का कार्य काफी कम हो रहा है। जिससे मंडी पूरी तरफ गेहूं से भरी पड़ी है। हजारों किवंटल गेहूं की बोरियां मंडी में जमा हो चुकी है। जिससे अब गेहूं डालने के लिए भी स्थान नहीं रहा। जबकि लगातार खरीद एजेंसी हरियाणा वेयरहाउस द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है। उठान का कार्य जबकि बहुत धीमा चल रहा है। आढ़तियों व किसानों ने बताया कि एक दो ट्रक ही लोडिंग के लिए आ रहे हैं।

### खाटू श्याम एवं सालासर धाम के लिए बस रवाना

**उचाना।** शुक्रवार को फायर बिग्रेड कार्यालय के पास खाटू श्याम एवं सालासर के लिए श्रद्धालुओं की बस को समाज सेवी रामचंद्र पांचाल ने रवाना किया। हर महीने श्री श्याम सेवक समिति उचाना द्वारा खाटू श्याम एवं सालासर धाम पर श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए मुफ्त बस सेवा के तहत लेकर जाया जाता है। रामचंद्र पांचाल ने कहा कि श्री श्याम सेवा समिति उचाना द्वारा ये सरानीय कार्य किया जाता है। श्रद्धालु महीने में एक बार एक साथ खाटू श्याम, सालासर दर्शन करने के लिए उचाना से जा सकते है। उनके लिए भी इस तरह की बस सेवा समिति द्वारा शुरू करनी चाहिए ताकि श्रद्धालु अन्य धार्मिक स्थानों पर भी जा सकें।

# अब दो और चिकित्सकों ने नागरिक अस्पताल को कहा गुड बाय

- दोनों ने छोड़ी नौकरी, नागरिक अस्पताल में फिर गहराया चिकित्सकों की कमी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल से एक-एक कर चिकित्सक जा रहे हैं। जिसके चलते चिकित्सकों के अभाव में स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करना बेमानी साबित हो रहा है। वर्तमान में नागरिक पहले ही डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा था। वहीं अब दो चिकित्सकों ने अस्पताल को गुडबाय कह दिया है। इनमें एक चिकित्सक डा. सीमा वशिष्ठ हैं जो पीडियाट्रिशियन हैं और छोटे व नवजात बच्चों के स्वास्थ्य की जिम्मेवारी इनके कंधों पर थी। वहीं दूसरे डा. विनोद जो पोस्टमार्टम एक्सपर्ट थे। दोनों ही चिकित्सकों ने सरकारी सेवाओं से विराम लिया है और उन्हें रिलीव किया जा चुका है। वहीं अस्पताल में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्याको देखते हुए चिकित्सकों की कमी को शीघ्र पूरा करना होगा।

**सुबह होते ही चिकितसकों के कमरों के बाहर लगती है लाइन**

नागरिक अस्पताल में ओपीडी की बात की जाए सुबह होते ही चिकित्सकों के कमरे के आगे मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। रोजाना सैंकड़ों मरीज इलाज के लिए दूर-दूर के गांवों से सिविल अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन डॉक्टरों की कमी से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **16 सालों से रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली:** नागरिक अस्पताल में पिछले 16 साल से किसी भी रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। पिछले वर्ष अगस्त महीने की सूची में एक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति जींद में की गई थी लेकिन उसने 'वाइन नहीं किया। बिना रेडियोलॉजिस्ट के कारण जिले के लोगों को निजी अस्पतालों में महंगी फीस पर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं।

**अस्पताल में 55 चिकित्सकों की आवश्यकता, काम कर रहे मात्र 24**

जिला मुख्यालय पर 1975 में नागरिक अस्पताल की शुरूआत हुई थी। उस समय से लेकर आजतक जिले में चिकित्सकों की कमी कभी भी दूर नहीं हुई। जींद अस्पताल की बात की जाए तो यहां 55 चिकित्सकों की आवश्यकता है लेकिन इस समय मात्र 24 चिकित्सक नियमित तौर पर काम कर रहे हैं। पांच चिकित्सक एनएचएम के तहत कार्यरत हैं। पहले तीन चिकित्सक अस्पताल को छोड़ गए थे। जिनमें एक डा. गितांशु आई स्पेशलिस्ट, डा. पूनम कैजुअल्टी व गायनी से डा. मोनिका थी। अब दो चिकित्सकों डा. सीमा वशिष्ठ व डा. विनोद ने भी अस्पताल को बाय-बाय कहा है। जिला मुख्यालय पर 200 बैड का अस्पताल बना हुआ है और यहां ओस्तन 1300 तक ओपीडी होती है। सोमवार को ओपीडी 1800 तक पहुंच जाती है। वहीं, सफीदों, नरवाना तथा उचाना सब डिविजन पर 100-100 बैड के अस्पताल हैं। उधर, जुलाना, पिल्लूखेडा, अलेवा, उझाना समेत आठ स्थानों पर सीएचसी बनाई गई है। वहीं जिले में 26 पीएचसी, दो पॉलीक्लीनिक बनाए गए हैं और 185 हैल्थ सैंटर बनाए गए है।




जींद। दवा खिड़की पर लगी मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

**बिना चिकित्सकों के कैसे चलेगा आईसीयू**

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में आईसीयू बन कर तैयार है लेकिन बिना चिकित्सकों के इसे शुरू कर पाना बेहद कठिन है। आईसीयू चलाने के लिए 20 स्टाफ नर्स की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा 20 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अलावा पैरामेडिकल स्टाफ की भी जरूरत होगी। अस्पताल में पहले ही स्टाफ की कमी है। आईसीयू चलाने के लिए हर समय कम से कम चार स्पेशलिस्ट चिकित्सक भी चाहिए।

**बेहतरीन सुविधाएं दे रहे**

सिविल सर्जन डा. गोपाल ने बताया कि विशेषज्ञों व चिकित्सकों की कमी के बावजूद भी चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। दो चिकित्सक अस्पताल को छोड़ गए हैं। स्वास्थ्य निदेशालय से समय-समय पर चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों की मांग की जाती है। अगर चिकित्सकों की कमी की मांग पूरी हो जाए तो और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जिले के लोगों को मिल सकती हैं।

## भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार करने वालों की हर तकनीक को फेल किया

# पहले चलती थी दबंगई, भाजपा सरकार में नहीं : मनोहर लाल

### पूर्व सीएम मनोहर लाल जींद तथा सफीदों में कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व सीएम मनोहरलाल शुक्रवार को सोनीपत लोस से भाजपा प्रत्याशी के जींद तथा सफीदों कार्यालय में पहुंचे और जींद जिले की तीन विस भाजपा पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर बातचीत की। पीएम नरेंद्र मोदी के दस साल की सफलता और जो देश को दिशा दी गई है, उसके आधार पर तथा भाजपा के संकल्प पत्र के आधार पर आगे बढेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल कैबिनेट के फर्जी लेटर के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार करने वालों की हर तकनीक को फेल किया गया है। मुलजिम को भी पकड़ा गया है। कोई जमाना था जब ऐसा चल जाता था, अब ऐसा नही चलता है। कोई भ्रष्टाचार करने वाला आता है तो उसको पकड़ते हैं। साइबर क्राइम करने वाले बहुत से लोगों को पकड़ा गया है। चुनाव मुद्दों को लेकर उन्होंने कहा कि वे आज तो सिर्फ कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। दस वर्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिशा देश को दी है। इस दिशा को लेकर और आगे बढ़ेंगे। भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है। सरकार द्वारा विकास की अनेक योजनाएं चलाई गई है। भाजपा प्रत्याशियों के हो रहे विरोध के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग सिरफिरे होते हैं, जो अपनी दबंगई चलाते हैं। पहले दबंगई चल जाती थी, अब नही चलती है। उन्होंने कहा कि देखने में आया कि विरोध करने वाले दस व्यक्ति होते हैं। वहां पर सैंकड़ों हमारे साथ पार्टी में जुड़ने वाले हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजूमोर, महामंत्री डा. राज सैनी, महामंत्री सुखदीप बुआना समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




सफीदों में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए सीएम मनोहरलाल।

**पैरामेडिकल कॉलेज बनाने पर मनोहर लाल ने गोलमोल जवाब दिया**

पत्रकारों ने गांव करसिंधू में बनने वाले पैरामेडिकल कॉलेज के जींद स्थानातरित होने जाने के बारे मे पूर्व सीएम मनोहर लाल से पूछा गया तो वे गोलमाल कर गए। उन्होंने कहा कि सफीदों से पैरामेडिल कालेज छीना नही गया है। कुछ चीजे ऐसी होती हैं टैक्नीकल होती हैं और उस समय उनकी जानकारी नहीं होती। तकनीकि समस्या है कि पैरामेडिकल कालेज के साथ मेडीकल कालेज या बड़ा अस्पताल होना बेहद जरूरी होता है। आगे चल कर सफीदों में 'यादा बैड का अस्पताल बनेगा। उसके बाद पैरामेडिकल के अन्य कोर्स यहां पर लाए जाएंगे। पैरामेडिकल कालेज मेडिकल कालेज के 8 से10 किलोमीटर के दायरे में ही खुलना होता है।सफीदो से जींद कोई दूर नहीं है। जिन बच्चों को पढ़ना होगा उनको वहां पर हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**कांग्रेस प्रत्याशी जब तक मैदान में आएंगे, तब तक टैंट ...**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सफीदों में पत्रकार वार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव मैदान में भाजपा के उम्मीदवार अकेले ही दंड बैठक मार रहे हैं। क्योंकि उनके सामने कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में नही आया है। कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों का हालत यह होने वाली है कि जब वे भंडारे के टैंट में पहुंचेंगे तो उन्हें अंदर पूरी नही मिलेगी। जब वे टैंट से बाहर आएंगें तो उन्हें चप्पलें भी नही मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवार ना आने का भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ पहुंच रहा है। चुनाव में मजा तब ही आता है जब सामने उम्मीदवार खड़ा हो। कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर पा रही है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंच बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान के निर्देशानुसार लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वे हर लोकसभा क्षेत्र में जा रहे है और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यवस्था व तैयारियों को लेकर फीड.बैक ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रदेश मे सभी दस सीटे जितेगी।



राजौंद। सरकारी स्कूल का शैड टूट कर असंध कैथल मार्ग पर सड़क के बीचो-बीच पड़ा व वाहनों की लगी लंबी कतार।

## तूफान ने उखाड़ा राजकीय स्कूल का शेड, सड़क पर जा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के सरकारी स्कूल के खेल मैदान में लगा शैड तेज तूफान से उड़कर सड़क पर जाकर गिरा। हादसे में गाड़ी चालक व मोटरसाइकिल चालक बाल बाल बच गए। बता दें कि शाम 4 बजे के आसपास तेज हवा के साथ कुछ समय के लिए बरसात व तूफान में बहुत भारी एक सरकारी स्कूल में लगा शैड एक कमरे की छत व चार दिवारी को पार करते हुए कैथल अंसध मार्ग के बीचों बीच जाकर गिरा। इस दौरान एक कार चालक व एक मोटरसाइकिल सवार इसमें बाल बाल बच गए। अगर ज्यादा ट्रैफिक होता तो बहुत ज्यादा जान माल का नुकसान यहां हो सकता था। शेड सड़क के बीचो-बीच गिरने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मार्ग से गुजरने वाला हर व्यक्ति इसे देखकर हैरान हो रहा था कि इतना भारी भरकम शैड किस तरह इतनी दूर से उड़ कर सड़क के बीचो-बीच आ गिरा।




नरवाना। काले झंडे व नारेबाजी करके विरोध प्रदर्शन करते हुए किसान व मजदूर।

## अशोक तंवर को नरवाना में किसान और मजदूरों ने दिखाए काले झंडे

- भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर नरवाना की जाट धर्मशाला में एक कार्यक्रम में आए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शुक्रवार को नरवाना के विश्वकर्मा चौंक पर किसान व मजदूर संघो ने भाजपा सिरसा लोकसभा के प्रत्याशी अशोक तंवर के नरवाना पहुंचने पर काले झंडियों दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर नरवाना की जाट धर्मशाला में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे जैसे ही किसान व मजदूर संघों को पता चला तो वह काले झंडे लेकर शहर के विश्वकर्मा चौंक पर इक्ट्ठे हो गए। निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत जैसे ही भाजपा प्रत्याशी विश्वकर्मा चौंक पर पहुंचे तो वहां पर खडे किसान, मजदूरों ने काले झंडे दिखाकर व सरकार के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। लेकिन भाजपा प्रत्याशी का काफिल तेजी वहां से निकल कर अन्य गंतव्य स्थान के लिये रवाना हो गया। विरोध प्रदर्शन करने के दौरान काफी संख्या में महिला व पुरूष किसान, मजदूर मौजूद रहे। विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान नेता मास्टर बलबीर ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन किसी के निजि कार्यक्रम को लेकर नहीं था। यह विरोध उनके द्वारा सार्वजनिक स्थान पर खडे होकर सरकार की गलत नितियों के खिलाफ किया है।



कैथल। मेधावी छात्रा काजल रानी को सम्मानित करते प्राचार्य संजय गोयल।

### आरकेएसडी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा ने पाया पहले 10 में से 5वां स्थान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कैथल

आर के एस डी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र की राजनीति विज्ञान विभाग की एम.ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा काजल रानी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में पहले 10 में से 5वां स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया इस मेधावी छात्रा को महाविद्यालय में बुलाकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता, राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ श्री ओम और सांयकालीन से राजनीति विभाग से अध्यक्षा डॉ रितु चौधरी द्वारा 2100 रुपए छात्रा को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की और यह मंगल कामना भी की कि विद्यार्थी संस्था के बेहतरीन संसाधनों का उपयोग करके भविष्य में भी इसी प्रकार महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

## भट्ठा मजदूरों ने मांगों को लेकर दिया धरना

- भट्ठा मजदूर 26 से करेंगे अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जींद

लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के पास धरना दिया और नारेबाजी की। भट्ठा मजदूरों ने साफ किया कि 26 अप्रैल को जिलेभर के भट्ठा मजदूर अपने परिवार सहित लघु सचिवालय कूच करेंगे और जबतक समझौता नहीं हो जाता लघु सचिवालय कोर्ट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन जींद के प्रधान सुरेश करसोला व कोषाध्यक्ष पवन कुमार, रमेश चंद्र, सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन, भट्ठा मालिक एसोसिएशन और श्रम विभाग के एएलसी के बीच त्रिपक्षीय बातचीत हुई। बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई लेकिन भट्ठा मालिक एसोसिएशन भट्ठा मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं करना चाहती। जिसका खामियाजा भट्ठा उद्योग व अन्य छोटे भट्ठा मालिक भुगत रहे हैं। क्योंकि जींद जिले के आसपास के जिलों कैथल, करनाल, फतेहाबाद, पानीपत आदि जिलों में इस सीजन के रेट के समझौते हो चुके हैं। यूनियन नेताओं ने बताया कि लगातार महंगाई बढ़ रही है, मजदूरों को रोटियों के लाले पड़े हुए हैं और भट्ठों पर खाली पेट मजदूरी करनी पड़ती है। उन्होंने मांग की कि पथेर के मजदूरों को 760 रुपये प्रति हजार ईंटो का रेट व टाइल का रेट 810 रुपये प्रति हजार किया जाए। भराई खच्चर पशु रेहडी से 310 रुपये प्रति हजार 400 मीटर तक इसके बाद 25 रुपये प्रति 100 मीटर पर लीड दी जाए। भराई ट्रैक्टर वाहन से 310 रुपये प्रति 800 मीटर तक उसके बाद 500 मीटर पर 25 रूपये लीड अलग से दी जाए। निकासी 350 रुपये प्रति हजार दबाई सफाई सहित दी जाए।



जींद। लघु सचिवालय के पास धरने पर बैठे भट्ठा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## महिला के कान की बाली व गले से सोने का लॉकेट छीन युवक फरार

**अलेवा।** जींद-असंध मार्ग पर स्थित अलेवा की जय बाबा धूणे वाला विकलांग गौशाला से गांव में जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार दोपहर को खेतों में कार्य कर रही एक महिला के पास पानी पीने के बहाने बाइक पर सवार होकर आया एक युवक कान की बाली व गले से सोने का लोकेट झटक कर मौके से फ रार हो गया। युवक द्वारा गले व कान से सोने के जेवरात छीन कर भागने के बाद महिला के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में कार्य कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामले की सूचना अलेवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अलेवा थाना के कार्यकारी प्रभारी एएसआई जयवीर सिंह पुलिस टीम व सीआईए पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले का बारीकी से मुआयना कर महिला की शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ चैन स्नेचिंग का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### पूर्व विधायक सतविंद्र राणा जल्द ही नई पार्टी ज्वाइन करेंगे

**राजौंद।** राजौंद में अपने आवास पर पूर्व विधायक सतविंद्र राणा ने कहा की हल्के के लोगों से बातचीत करके जल्दी ही नई पार्टी ज्वाइन करेंगे। पार्टी ज्वाइन करते समय हजारों की संख्या में उनके समर्थक भी उनके साथ होंगे। इस दौरान राणा ने बताया की राजौंद के कन्या महाविद्यालय के मुद्दे को लेकर बीती शाम जब उनके आवास पर वर्तमान सरकार में मंत्री संजय सिंह जब पहुंचे तो उनसे इस विषय में सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने शासन दिया है कि कॉलेज जहां चाह रहे हैं वही बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। वही जब उनसे जब किस राजनैतिक दल में जाने बारे पूछा गया तो इस पर बताया कि कलायत एक ग्रामीण इलाका है।

**कार्यक्रम** एएनएम व स्वास्थ्य कर्मचारियों को विभाग की योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

# सीएचसी और उपस्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत सभी एएनएम गर्भवती महिलाओं का पहली तिमाही में कराएं रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

अलेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम रिव्यू के तहत एएनएम व स्वास्थ्य कर्मचारियों को इसके लिए जागरूक करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सीएचसी के एसएमओ डा. जितेंद्र कुमार शर्मा ने की। इसमें मुख्य तौर पर एनएचएम के डिप्टी सिविल सर्जन अनिल कौशिक ने हिस्सा लिया। इस दौरान एनएचएम के डिप्टी सीएमओ ने उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत सभी एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में किए जा रहे कायार् का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मचारी लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं के बारे में जागरूक करें। इसके अलावा आयुष्मान भारत, नियमित टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत, व निरोगी योजना का कार्य पूरी लग्न से पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी एएनएम गर्भवती महिलाओं का पहली तिमाही में रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं। इस दौरान एएनएम व स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ दिलाने के लिए हिदायत दी।

एसएमओ ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी लगन व निष्ठा से निभाते हुए विभाग की योजनाओं का ग्रामीणों को फायदा दिलाने के लिए जागरूक करें। विभाग व सरकार द्वारा एक लाख 80 हजार से कम आमदनी वाले लोगों को पूरा डाटा फीड करें। इस मौके पर डा. संदीप मलिक, स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश शर्मा, नरेंद्र ढांडा, संदीप कुमार, राजेश कुमार, मोनिका, पूनम व मुकेश समेत विभिन्न गांवो के उप स्वासथ्य केंद्रो पर कार्यरत एएनएम व सीएचसी का अधिकतर स्टाफ मौजूद रहा।



अलेवा। सीएचसी में आयोजित बैठक में उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत एएनएम द्वारा किए कार्य का अवलोक न करते डा. अनिल कौशिक। फोटो : हरिभूमि